# INFRASTRUCTURE CONSULTANTS ASSOCIATION OF INDIA



**T-10,3rd Floor Above Vishal Mega Mart**
**Plot No-I, Zone-I, M.P. Nagar Bhopal (M.P.)**
**Ph & Fax-0755-4295421 Mob. 8319891761**
**EMAIL-infraconsultantindia@gmail.com**
**Website:-www.icaiindia.org**

**Regd No:** 01/01/01/24544/12 dated 07.01.2012

**Ref No:** ICAI/Hon'ble Minister/2020-21/335 **Date:** 28.10.2020

**प्रति,**
**माननीय श्री नितिन गडकरी,**
मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,
ट्रांसपोर्ट भवन, 1 पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली–110001,
ईमेल: nitin.gadkari@nic.in

**विषयः**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कन्सलटेंसी फर्मो को खराब गुणवत्ता पाए जाने एवं कार्यस्थल पर दुर्घटना होने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही के लिए यूनिफॉर्म पॉलिसी बनाने के संबंध में।

**आदरणीय महोदय,**

हमारा संगठन सलाहकारों का एक समूह है जिसमें 110 से अधिक सकिय सदस्य हैं एवं हमारा रजिस्टेशन नं. 01/01/01/24544/12 dated 07.01.2012 है। हम अपने सदस्यों के हितों की रक्षा हेतु समय–समय पर आवश्यक कदम उठाते हैं एवं उनका मार्गदर्शन भी करते हैं। इसके अतिरिक्त हम सलाहकार सेवायें देने हेतु इच्क्षुक युवा अभियंताओं एवं वास्तुकारों को प्रशिक्षण एवं वर्कशॉप के माध्यम से आर्थिक एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान करते हैं। इस प्रकार हम राष्ट्रीय निर्माण में एक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हैं।

माननीय महोदय हम आपके संज्ञान में सलाहकारों द्वारा सामना की जा रही एक ज्वलंत समास्या की और इस आशय से ला रहे है कि आपके द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अपने स्तर पर चर्चा कर उचित और सर्वमान यूनिफॉर्म पॉलिसी बनाने हेतु निर्देशित किया जाएगां । महोदय अभी तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण/सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं में खराब निर्माण कार्यों/दुर्घटनाओं की 50 से अधिक घटनाएं हो चुकी है उसमें से 16 कार्यों की वस्तु स्थिति से आपको अवगत करा रहे है। उन 16 कार्यों में हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में 11 कार्यों में अभी तक कोई भी कार्यवाही Contractor एवं Consultancy फर्म पर नहीं की गई है जिनका विवरण निम्न है एवं शेष पाँच दुर्घनाओं का विवरण इसके बाद की सारणी में दिया गया है।

| क्रम संख्या | प्रोजेक्ट का नाम एवं लोकेशन | दुर्घटना की तिथि | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | Elevated Viaduct, Haryana-1 | 22.08.2020 | Spine Beam with twin cell, PSC Box Girder, 40m span collapsed and fallen down after erection within 8-9 hours after post-rolling of launcher to next span. |
| 2. | Elevated Viaduct, Haryana-2 | 15.07.2020 | Spine Beam with twin cell, PSC Box Girder, 36m span hogged up after erection within 24 hours after post-rolling of launcher to next span. |

Infrastructure Consultants Association of India BHOPAL (M.P.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | River Bridge, Haryana-1 | 19.06.2019 | Single cell PSC Box girder, 60m span hogged up after erection and after full prestressing. |
| 4. | River Bridge, Haryana-2 | 04.05.2020 | Single cell PSC Box girder, hogged up after erection and full prestressing. Notably this is the same project in which first similar incident happened in June 2019. |
| 5. | River Bridge, West Bengal | 16.02.2020 | Single cell PSC Box girder, 60m span collapsed with Launching Girder on top, after completing the prestressing. |
| 6. | Elevated Viaduct, Varanasi | Nov. 2018 | Spine Beam with twin cell, PSC Box Girder, 40m span hogged up after erection. |
| 7. | Construction of approaches in km.531.934 to km.536.250 for bridge across River Zuari on existing NH-17 on Panjim Bangalore section in the state of Goa (Package-3) | 13.03.2019 | Scaffolding system for one of span of flyover fallen down on 13.03.2019. |
| 8. | Construction on Thalassery-Mahe National Highway bypass in Kannur district in the state of Kerala | 26.08.2020 | Beam of main span of 45 m. collapsed |
| 9. | Construction of Flyover/ Underpass for improvement of existing junctions at IFFCO Chowk at Km. 28.211, Signature Chowk at Km. 29.650 and Rajiv Chowk at Km. 33.180 on Delhi – Gurgaon Access Controlled section on NH-8 in the State of Haryana. | 2016 | 1) Roads to both sides of Gurugram's Iffco Chowk underpass cave in<br>2) The road at Hero Chowk flyover had caved in; deep cracks emerged in the IFFCO Chowk flyover; a portion of the Rampur flyover had broken and fallen off and a similar incident was seen at the Pataudi Rail-over Bridge. |
| 10. | Construction of 8 Lane Dwarka expressway from Delhi-Haryana Border to Start of Rail Over Bridge, Gurugram (Chainage from km. 9.500 to km. 19.700) in the state of Haryana (NH-248 BB) – Package III" ON EPC mode. | 22.08.2020 | Gurugram: Part of under-construction flyover in Sohna Road collapses. The concrete slab of an elevated corridor in Gurugram's Sohna Road collapsed . |
| 11. | Four laning of Aligarh - Kanpur section of NH - 91 in the state of Uttar Pradesh under NHDP Phase-IV (Package II from Bhadwas to Kalyanpur) | 19.06.2020 | Fall of prestressed concrete girders from top of piers of a viaduct (flyover) under construction at km 227.160, near Manikpur. |

Infrastructure Consultants Association of India BHOPAL (M.P.)

उपरोक्त सारणी में वर्णित विवरण को देखने से दुर्घटना की गंभीरता एवं परिमाप का आभास हो जाता है परंतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कोई पॉलिसी ना होने के कारण किसी भी सलाहकार फर्म या उनके किसी की–पर्सनल पर कोई दण्डात्मक कार्यवाही नहीं की गई।

महोदय, हम आपके समक्ष निम्नलिखित पाँच प्रोजेक्ट्स में हुई दुर्घटनाओं एवं संबंधित सलाहकार फर्म पर की गई कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत कर रहे है।

| क्रम संख्या | प्रोजेक्ट का नाम एवं लोकेशन | संबंधित ठेकेदार का नाम | सलाहकार फर्म का नाम | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Pratapgarh to Padhy Road under RO MoRTH Jaipur | Dilip Buildcon | CEG Jaipur | Water overflown 3m over Bridge which resulted washing away of some portion of Bridge.<br>Penalty levied on DPR Consultant. |
| 2 | Uniyara to Gulabpura Road under NHAI Rajasthan Division | Dilip Buildcon | Theme Engineer, Jaipur | 40 km road settled out of total length of 200 km due to use of sub-standard material.<br>Shri P. P. Mathur, Team Leader and Material Engineer have been blacklisted. Warning issued to Consultancy Firm |
| 3 | Jaipur Ring Road under NHAI Rajasthan Division | Gawar Construction Gurgaon | ICT, Delhi | 8 km long approach road damaged. Contractor and Consultant both let off with warning |
| 4 | Lucknow Bypass, NHAI UP East (RO Lucknow) | | | Girder of Bridge fallen and two persons killed.<br>A penalty of Rs. 10 Lakhs imposed on Consultant. |
| 5 | Bhopal Biaora section of NH-12 under RO, NHAI Bhopal | Centrodorstory (India) Pvt. Ltd. New Delhi | Feedback Infra Pvt. Ltd. Gurgaon | Failure of RE wall of VUP at Data Colony.<br>The Contractor has redone the work and Bridge/ Structural Engineer and Senior Quantity Surveyor of Consulting Firm demobilized. |

माननीय महोदय, उपरोक्त पाँच दुर्घटनाओं का अवलोकन करने पर प्रतीत होता है कि संबंधित रीजनल ऑफिसर द्वारा अपने अपने विवेक से विभिन्न प्रकार के निर्णय लिए गए जो कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। इसका प्रमुख कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में इस प्रकार की स्थिति में दोषी अथवा निर्दोष Contractor एवं Consultancy फर्मों पर उचित कार्यवाही के लिए किसी यूनिफॉर्म पॉलिसी का मौजूद ना होना प्रमुख है।

महोदय इसी क्रम में आपको यह भी अवगत कराना चाहेंगे कि किसी भी प्रोजेक्ट में सलाहकार फर्मों द्वारा प्रस्तावित की–पर्सनल की सी.व्ही. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी द्वारा अनुमोदित होने के उपरांत उनका साक्षात्कार लिया जाता है एवं तब ही उन की–पर्सनल को सलाहकार फर्मों द्वारा प्राधिकरण की सहमति से लगाया जाता है। की–पर्सनल की योग्यता एवं अनुभव निविदा आमत्रंण हेतु निर्गत आर.एफ.पी. में दिए गए प्रावधान के अनुरूप होना चाहिए। इस प्रकार की–पर्सनल के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की होती है एवं उनके कार्य में दुर्भागवश कोई

Infrastructure Consultants Association of India BHOPAL (M.P.)

दुर्घटना होने पर उसकी जिम्मेदारी संबंधित सलाहकार फर्म पर आरोपित करना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है जबकि सक्षम एवं कार्य कुशल की–पर्सनल प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा ही चयनित किए जाते है।

अतः महोदय से निवेदन है कि एक इस प्रकार की दुर्घटनाओं से उत्पन्न स्थिति से न्याय पूर्ण ढंग से निपटने हेतु एक यूनिफॉर्म पॉलिसी का गठन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में होना अति आवश्यक है। इस संबंध में हम अपने कुछ सुझाव कियान्वन हेतु प्रस्तुत कर रहे है जो निम्नलिखित हैः–

1. दुर्घटना होने पर उसकी निष्पक्ष जाँच कराकर संबंधित Consultancy firm, Design Consultant एवं Proof Checking Consultant के टीम लीडर एवं संबंधित key personnel जो साइट पर कार्य कराते हैं को दो वर्ष के लिए काली सूची में डालना एवं संबंधित सलाहकार फर्म को जाँच में पाए गए आपेक्षित मानदण्ड से निम्न स्तरीय कार्य के पाँच प्रतिशत मूल्य की पेनल्टी का प्राविधान।
2. संबंधित ठेकेदार से निम्न स्तरीय कार्य को पुनः कराया जाना एवं कार्य के मूल्य की 10 प्रतिशत की पेनल्टी लगाना एवं संबंधित प्रोजेक्ट मेनेजर को Debar करना।

महोदय हमारे माननीय सदस्य गणों का मत है कि यदि इस प्रकार की यूनिफॉर्म पॉलिसी का गठन हो जाता है तो भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में कार्यरत सलाहकार फर्मों को उनके विरूद्ध की गई किसी प्रकार की दण्डात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही पर कोई प्रतिरोध नहीं होगा एवं भविष्य में होने वाले अनेक न्यायालीन प्रक्रियाओं से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भी छुटकारा मिल सकेगा।

सादर धन्यवाद।

**भवदीय**
**कृते इन्फास्ट्रक्चर कन्सलटेंटस एसोसिएशन ऑफ इंडिया**

Infrastructure Consultants Association of India BHOPAL (M.P.)

**(मोहन लाल गुप्ता)**
**सचिव**

प्रतिलिपिः
1. आदरणीय श्री मोहन गोपालराव मते, माध्यम लोक सेवा प्रतिष्ठान, एस–10, राणी इंदिराबाई भोसले विहार, तुळशीबाग रोड, महाल, नागपूर–32 ईमेलः misp.nagpur@gmail.com
2. अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जी–5एवं 6, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075, ईमेलः chairman@nhai.org